हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

/ / अधिसूचना / /

क्रमांक 1810 / नामांकन / 2020 दुर्ग, दिनांक 17.11.2020

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2020–21 के समस्त स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के लिए नामांकन आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** के माध्यम से भरने एवं नामांकन शुल्क की **राशि रू. 150 / –** सहित जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)

क्र.	नामांकन फार्म एवं शुल्क	दिनांक
अ.	ऑनलाईन द्वारा शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि	18.11.2020 से 18.12.2020 तक

टीपः–1. नामांकन फार्म www.durguniversity.ac.in ⟶ Quick Links ⟶ Online Enrollment Form 2020-21 पर Click कर भरे जा सकते हैं।

2.विद्यार्थी, https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/student के माध्यम से ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भर सकते हैं।

निर्देशः–

1. कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को नामांकन आवेदन फार्म भरने के उपरांत उसकी हार्डकापी महाविद्यालयों में जमा नहीं करनी है।
2. छात्र–छात्रा नामांकन आवेदन पत्र भरने उपरांत उसकी एक कापी अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों के सामान्य होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उक्त आवेदन की हार्डकापी महाविद्यालयों में जमा करने हेतु निर्देशित किया जायेगा।
3. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं से अप्रवासन शुल्क राशि रू. 360 / – शुल्क लिया जाना है।
4. CBSE बोर्ड से उत्तीर्ण ऐसे छात्र / छात्राएं जिन्होंने छत्तीसगढ़ में स्थित किसी विद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें अप्रवासन शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।
5. ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने नाम / उपनाम परिवर्तन कराया है उन्हें विश्वविद्यालय में नाम / उपनाम परिवर्तन शुल्क रू. 180 / – राशि के साथ आवेदन करना होगा।
6. नामांकन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सम्बद्ध दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद एवं कवर्धा (कबीरधाम) में स्थित महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों द्वारा भरा जाना है।
7. **नामांकन फार्म भरने के लिए छात्रों को प्रवेश आवेदन फार्म 2020–21 के समय उपयोग की गई यूजर आई. डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करना होगा। नामांकन फार्म हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।**
8. कृपया ध्यान रखें कि यदि छात्र / छात्रा द्वारा इस विश्वविद्यालय से पूर्व में नामांकन कराया गया है तो उन्हें पुनः नामांकन आवेदन फार्म जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
9. **स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेशित ऐसे छात्र जो पूर्व में अमहाविद्यालयीन (स्वाध्यायी) छात्र के रूप में सम्मिलित हुए थे तथा इस वर्ष नियमित प्रवेश लिए हैं उनके नामांकन फार्म स्नातकोत्तर कक्षाओं के नामांकन आवेदन फार्म भरने के समय ही प्रारंभ किए जायेंगे।**
10. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं 9713387094/7225940167 (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे के मध्य) एवं ई–मेल onlinehelp@durguniversity.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुलपति महोदया के आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमशः...... 02

पृ.क्र. 1811/ नामांकन / 2020 दुर्ग, दिनांक 17.11.2020

प्रतिलिपिः—

- माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
- प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
- आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय / तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
- वित्त अधिकारी / उपकुलसचिव / सहा. कुलसचिव, अकादमिक / गोपनीय / परीक्षा विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
- अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
- प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
- माननीय कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ।
- संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग / बेमेतरा / बालोद / राजनांदगांव / कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में इसे समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
- मैनेजर, लर्निंग स्पाइरल प्रा.लि. को सूचनार्थ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)